# LUCKNOW NEWS:विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति लखनऊ में मनाया गया चौथे बड़े मंगलवार पर विशाल भंडारा व शतायु जन्म दिवस

36.22

June 4, 2025 News Desk




Post Views: 9

**धारा लक्ष्य समाचार**

गोमतीनगर जनकल्याण समिति की विराम खण्ड-5, उपसमिति, लखनऊ ने चौथे बड़े मंगलवार को हनुमान मंदिर, वसंती पार्क, जीवन प्लाजा आदि जगहों पर भंडारा का आयोजन किया। इस अवसर पर लोगों में आपसी भाईचारे और

बजरंगबली में आस्था को दर्शाया गया और गरीब तबके के लोगों को प्रसाद के रूप में अच्छा खाना उपलब्ध कराया गया। यह आयोजन भारतीय परम्परा का एक जीता-जागता उदाहरण है।




इसके अलावा, विराम खण्ड-5 के श्री विजय कुमार चोपड़ा की पूज्य एवं वंदनीय माताजी श्रीमती पुष्पा चोपड़ा को उनके 100वें जन्मदिन, 3 जून 2025 पर बधाई दी गई और इस शुभ अवसर पर उनका हृदय से शतायु आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण जन्मदिन उनकी स्थायी भावना और विरासत का प्रमाण है।

**इसी दिन श्री विजय कुमार श्रीवास्तव जी के घर पर सुन्दर पाठ के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया।**

यहाँ यह भी बताना आवश्यक है कि समिति की पिछली बैठक जो 27 अप्रैल 2025 को श्री रवी अग्रवाल जी के घर पर आयोजित हुई थी, जिसमें अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह, सचिव अरुण त्रिवेदी, डॉ. आर.पी. शर्मा, इंजी. विजय चोपड़ा, रवी अग्रवाल आदि के साथ पार्षद श्री अरुण तिवारी जी भी उपस्थित हुए थे और विराम-5 की मुख्य समस्याओं जैसे जीवन प्लाजा में पार्किंग न होने से तथा राम भुवन के सम्मुख ठेलों के अतिक्रमण आदि से सड़क पर आने-जाने में अवरोध उत्पन्न होता था। समिति पार्षद को उनके तात्कालिक कार्यवाही के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करती है।

---

https://dharalakshyasamachar.com/?p=8284